भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2298

जिसका उत्तर 04 मार्च, 2020 को दिया जाना है

कोयला खदानों की नीलामी

2298. श्री श्याम सिंह यादवः

क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गत पांच वर्षों में नीलाम की गई छह कोयला खदानों की नीलामी को रद्द कर दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार द्वारा कोयला खदानों की नीलामी प्रक्रिया में निजी कम्पनियों को और अधिक लाभ हुआ है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) नीलाम कोयला खदानों की नीलामी के माध्यम से अर्जित राजस्व का खदान–वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) : जी, हां। सरकार ने पिछले पांच वर्षों में नीलाम की गई सात कोयला खानों की नीलामी को रद्द कर दिया है। कारण सहित ब्यौरा **अनुबंध-क** में संलग्न है।

(ख) : कोयला खानों की नीलामी प्रक्रिया में सरकारी और निजी दोनों कंपनियों को नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जाती है। तथापि, अभी तक कोयला खानों के आवंटन हेतु की गई नीलामी में एक कोयला खान के लिए केवल एक ही सरकारी कंपनी ने भाग लिया था। नीलामी के लिए रखी गई शेष कोयला खानों हेतु नीलामी प्रक्रिया में केवल निजी कंपनियों ने ही भाग लिया था।

(ग) : कोयला खानों की नीलामी के माध्यम से अर्जित राजस्व का खान-वार ब्यौरा **अनुबंध-ख** में संलग्न है।

*****

अनुबंध क

नीलाम की गई सात कोयला खानों के आवंटन को समाप्त करने के कारण नीचे दिए गए हैं:

1. मांडला नॉर्थ, मांडला साउथ और माजरा:- (3 कोयला खानें)

आवंटिती:

मांडला नॉर्थ:- जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड

मांडला साउथ:- जेपी सीमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

माजरा:- जेपी सीमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

सफल आवंटितियों ने कोयला खानों के साथ संलग्न अन्त्य-उपयोग-संयंत्रों (ईयूपी) को बेचा है। इसके परिणामस्वयप, कोयला खानों का निष्कर्षणीय भंडार 30 वर्षों की अवधि में छोड़े गए अन्त्य-उपयोग संयंत्रों की वार्षिक कोयला आवश्यकता के 150% से अधिक हो गया है जो निविदा दस्तावेज के खंड 4.1.2 (ख)(i) और कोयला खान विकास और उत्पादन करार (सीएमडीपीए) के खंड 2.1 का उल्लंघन है। परिणामस्वरूप, सफल आवंटिती इस खान के लिए पात्र नहीं रहे और इसने सीएमडीपीए के खंड 24.3.1(के) के तहत समापन कार्यकलाप को आकर्षित किया।

2. मंदाकिनी एवं उत्कल-ग:- (2 कोयला खानें)

आवंटिती:

मंदाकिनी:- मंदाकिनी एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग लि.

उत्कल-ग:- मोनेट पावर कंपनी लि.

विद्युत मंत्रालय ने दिनांक 15.04.2015 के अपने पत्र द्वारा बिजली के टैरिफ के निश्चित शुल्क घटक पर कैपिंग का आदेश दिया है। विद्युत मंत्रालय के इस आदेश के संबंध में, आवंटिती ने दिल्ली के माननीय उच्च न्यायालय से संपर्क किया है। दिल्ली के माननीय उच्च न्यायालय ने आवंटिती को आवंटन की निविदा शर्तों में हुए परिवर्तन के कारण खान के सरेंडर की अनुमति दी है। इसके परिणामस्वरूप आवंटिती ने कोयला खानों के सरेंडर के लिए आवेदन किया है और इस तरह इन 2 कोयला खानों के आवंटन को समाप्त कर दिया गया था।

3. तोकीसूद नॉर्थ:- (1 कोयला खान)

आवंटिती: एस्सार पावर एमपी लि.

तोकीसूद उत्तर कोयला खान अनुसूची-II की कोयला खान है। इस खान के प्रचालन में अत्यंत विलंब हुआ था और यह मामला जांच समिति को भेजा गया था। जांच समिति ने इस खान के आवंटन को समाप्त करने की सिफारिश की थी और तदनुसार आवंटन को समाप्त किया गया था।

4. गारे पाल्मा IV/7:- (1 कोयला खान)

आवंटिती: मोनेट इस्पात एंड एनर्जी लि.

कोयला खान विकास उत्पादन करार (सीएमडीपीए) के अनुसार निष्पादन बैंक गारंटी (पीबीजी) को नवीकृत करने की आवश्यकता थी परंतु इस खान के आवंटिती ने निष्पादन बैंक गारंटी को नवीकृत नहीं किया और इसलिए सीएमडीपीए का समापन खंड लागू हुआ। इसके परिणामस्वरूप, इस खान का आवंटन समाप्त कर दिया गया था।

अनुबंध ख

सीएमएसपी अधिनियम, 2015 के अंतर्गत नीलामी रूट के माध्यम से आवंटित कोयला खानों के जरिए अर्जित राजस्व			
क्र.सं.	**नीलाम की गई खान का नाम**	**आवंटिती का नाम**	**जनवरी, 2020 तक अर्जित राजस्व (करोड़ रु. में)**
1	चोटिया	बीएएलसीओ	541.81
2	गारे पाल्मा IV-4	हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लि.	1045.27
3	गारे पाल्मा IV-5	हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लि.	869.08
4	गारे पाल्मा IV-7	मोनेट इस्पात एंड एनर्जी लि.	25.33
5	गारे पाल्मा IV-8	अंबुजा सीमेंट लि.	117.64
.6-7	ब्रिंदा और ससाई	उषा मार्टिन लि.	3.86
8	डुमरी	हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लि.	6.15
9	गणेशपुर	जीएमआर छत्तीसगढ़ एनर्जी लि.	43.89
10	जीतपुर	अदानी पावर लिमिटेड	13.6
11	कथोटिया	हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लि.	583.85
12	लोहारी	अरन्या माइन्स प्रा. लि.	1.44
13	मेरल	त्रिमुला इंडस्ट्रीज लिमिटेड	2.39
14	मोइत्रा	जेएसडब्ल्यू स्टील लि.	16.56
15	तोकिसुद नॉर्थ	एस्सार पावर एमपी लि.	72.24
16	अमेलिया नॉर्थ	जयप्रकाश पावर वेंचर्स लि.	957.37
17	बिचारपुर	अल्ट्रा टेक सीमेंट लिमिटेड	9.18
18	मांडला- नॉर्थ	जयप्रकाश एसोसिएट्स लि.	20.67
19	मांडला-साउथ	जेपी सीमेंट कॉरपोरेशन लि.	3.22
20	सियाल घोघरी	रिलायंस सीमेंट कंपनी प्रा. लि.	52.03
21	बेलगांव	सनफ्लैग आयरन एंड स्टील कंपनी लि.	194.86
22	माजरा	जेपी सीमेंट कॉरपोरेशन लि.	2.41
23	मरकी मंगली – III	बी.एस. इस्पात लि.	2.79
24	मरकी मंगली – I	टोपवर्थ ऊर्जा एंड मेटल लि.	32.24
25	नेराद मालेगांव	इंद्रजीत पावर प्रा. लि.	3.29
26	तालाबीरा – I	जीएमआर छत्तीसगढ़ एनर्जी लि.	51.57
27	अर्धग्राम	ओसीएल आयरन एंड स्टील लि.	61.88

28	सरिसाटोली	सीईएससी लि.	528.66
29	ट्रांस दामोदर	दुर्गापुर प्रोजेक्टस लि.	14.83
30	बिक्रम	बिरला कॉरपोरेशन लि.	2.53
31	ब्रह्मपुरी	बिरला कॉरपोरेशन लि.	1.88
32	जमखानी	वेदांता लि.	41.23
33	जगन्नाथपुर बी	पावरप्लस ट्रेडर्स प्रा. लि.	5.42
	कुल		**5329.17**